रविवार

13 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




गैंगस्टर केस में न्यायालय में हाजिर नहीं हुए मुख्तार अंसारी व भीम सिंह

4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर से धरती हिली है। शनिवार देर शाम 7.57 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक हफ्ते में दूसरी बार राजधानी में भूकंप का झटका महसूस किया गया है। वहीं, उत्तराखंड के पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस हुए। एक बार फिर से भूकंप का केंद्र नेपाल रहा है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राजधानी और उसके आसपास के गाजियाबाद, नोएडा जैसे इलाकों में तकरीबन 54 सेकंड तक झटकों को लोगों ने महसूस किया। भूकंप के फौरन बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। वहीं, हाईराइज सोसाइटी में रहने वाले कई लोग भी अपनी सोसाइटी के बाहर आ गए। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोगों ने इसकी पुष्टि करने के लिए सोशल मीडिया वेबसाइट्स का भी सहारा लिया।

### मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने शाहरुख खान को रोका

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम्स ने रोक लिया। एयरपोर्ट पर तैनात एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने बताया कि शाहरुख शुक्रवार रात को शारजाह से लौटे थे। उनके पास महंगी घड़ियां और उनके कवर थे, जिनकी कीमत 18 लाख रुपये थी। इन घड़ियों के लिए शाहरुख को 6.83 लाख रुपए की कस्टम ड्यूटी चुकानी पड़ी। शाहरुख खान प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे मुंबई पहुंचे थे। यहां टी-3 टर्मिनल पर रात करीब 1 बजे रेड चैनल पार करते समय कस्टम ने शाहरुख खान और उनकी टीम को रोका था। उनके बैग की जांच में कई महंगी घड़ियां मिलीं। साथ ही घड़ियों के खाली बॉक्स भी मिले थे।

### राष्ट्रपति पर टिप्पणी कर फंसे ममता के मंत्री

**कोलकाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अभद्र टिप्पणी कर ममता बनर्जी सरकार में मंत्री अखिल गिरि विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने नंदीग्राम में एक सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अभद्र टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, हम लोग किसी को उनकी शक्ल-सूरत से नहीं आंकते। हम राष्ट्रपति की कुर्सी का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारी राष्ट्रपति कैसी दिखती हैं? पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरि का यह भाषण कैमरे में कैद हो गया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू के खिलाफ टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता संबित पात्रा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी मंत्री अखिल गिरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वह अस्वीकार्य है।

# धोनी की अमित शाह के साथ फोटो वायरल, लोग बोले- कब ज्वाइन कर रहे बीजेपी



**एजेंसी/चेन्नई**

टीम इंडियो के पूर्व खिलाड़ी और पूर्व कप्तान एमएस धोनी की देश के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की एक फोटो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल होती रही। इस तस्वीर में धोनी अमित शाह से हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। इस फोटो के सोशल मीडिया में आने के बाद ही लोगों ने तरह-तरह के कमेंट करने शुरू कर दिए। इसके साथ ही लोगों ने यह भी अटकलें लगानी शुरू कर दी कि धोनी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कुछ लोगों ने पूछा कि धोनी कब बीजेपी ज्वाइन करेंगे तो कुछ उनसे पूछ रहे हैं कि अगला प्लान क्या है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को लेकर चर्चा हुई है कि वह राजनीति में शामिल होने वाले हैं। झारखंड विधानसभा के दौरान भी उनको लेकर खूब सुर्खियां बनी थी। हालांकि उन्होंने किसी भी पार्टी के साथ जुड़ने से साफ इनकार किया था।

दरअसल चेन्नई सुपर किंग्से के मालिक व बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन. श्रीनिवासन की ओर से इंडिया सीमेंट्स की 75 वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शामिल होने के लिए उन्होंने क्रिकेट जगत के खिलाड़ियों से लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह समेत कई भाजपा नेताओं को आमांत्रित किया। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि धोनी और शाह एक साथ शामिल हुए, इस दौरान उनकी मुलाकात हुई एक दूसरे का हाथ मिलाकर हालचाल जाना। शनिवार को अचानक यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। धोनी के फैंस इस फोटों को देखकर राजनीति में कदम से लेकर भाजपा में शामिल होने का प्लान पूछने लगे। कुछ लोगों ने उन्हें बधाई भी दी। बता दें कि साल 2018 में भी अमित शाह और एमएस धोनी के बीच मुलाकात के बाद से भी यह कयास लगाए जाने लगे कि एमएस धोनी भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर सकते हैं। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों से धोनी दूर ही रहें हैं। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप. टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाने वाले एमएस धोनी भारत के महान कप्तानों में से एक है। आगामी आईपीएल 2023 में वह एक बार फिर से चेन्नई सुपर किंग्स की कमान संभालते हुए नजर आयेंगे।

### मुख्यमंत्री ने धान अधिप्राप्ति को लेकर की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएम बोले... धान अधिप्राप्ति बेहतर ढंग से करें ताकि किसानों को दिक्कत न हो

- धान के उत्पादन का ठीक से आकलन करा लें और अनुमानित उत्पादन के अनुसार ही धान अधिप्राप्ति का जिलावार लक्ष्य निर्धारित करें
- किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए प्रेरित करें अधिकारी
- पराली जलाने से वातावरण खराब हो रहा है इसको लेकर सभी लोग सतर्क रहें



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इसमें उन्होंने धान का अनुमानित उत्पादन के आधार पर धान अधिप्राप्ति के लिए जिलावार निर्धारित लक्ष्य समितियों के चयन एवं उसकी क्रियाशीलता, सहकारी समितियों की भंडारण क्षमता, इच्छुक किसानों की अद्यतन आवेदनों की संख्या एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित अन्य जानकारी ली। बैठक में कृषि विभाग के सचिव एन सरवन कुमार ने अनुमानित धान उत्पादन व सहकारिता विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने धान अधिप्राप्ति कार्यों की अद्यतन की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर है। इस बार अल्प वर्षापात के कारण 11 जिलों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हुई। हमने विभिन्न जिलों का एरियल सर्वे भी किया था। सूखाग्रस्त जिलों के प्रभावित किसानों को सभी प्रकार के राहत दिये गये। धान के उत्पादन का ठीक से आकलन करा लें और अनुमानित उत्पादन के अनुसार ही धान अधिप्राप्ति का जिलावार लक्ष्य निर्धारित करें। इस बार धान का एमएसपी 2040 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। चरणबद्ध तरीके से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उसना चावल खानेवालों की संख्या अधिक है। इसको लेकर उसना चावल के मिलों की संख्या और बढाएं, उसना चावल मिल मालिकों के साथ इसको लेकर बैठक करें। उन्हीं मिल मालिकों को धान अधिप्राप्ति से जोड़ें जो उसना चावल को ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध करायें। धान उन्हीं मिलरों को दें जो उसना चावल दे सकें। धान अधिप्राप्ति बेहतर ढंग से करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए प्रेरित करें। अधिकारी फील्ड में जाकर किसानों के बीच प्रचार-प्रसार कराएं। किसानों को पराली जलाने से नुकसान के संबंध में बताएं। पराली जलाने से वातावरण खराब हो रहा है इसको लेकर सभी लोग सतर्क रहें। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव विनय कुमार, सचिव अनुपम कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, निदेशक कृषि आदित्य प्रकाश समेत अन्य उपस्थित थे।

### पं. जवाहरलाल नेहरु की पुनस्थापित प्रतिमा का सीएम ने किया अनावरण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नेहरु पथ स्थित पुनाईचक के समीप नवनिर्मित नेहरू पार्क में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुनस्थापित प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने इसके बाद नेहरु पार्क का भ्रमण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पार्क प्रांगण में सघन वृक्षारोपण का कार्य कराएं ताकि यह ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित हो सके। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ का नामकरण हमलोगों ने नेहरु पथ किया है। अब लोग इसे नेहरु पथ के नाम से ही जानते हैं। पटना जंक्शन पर नेहरु जी की जो प्रतिमा थी, वहां फ्लाईओवर बन जाने के बाद ठीक नहीं लग रहा था। हमलोगों ने तय किया कि नेहरु पथ पर ही प्रतिमा को पुनस्थापित किया जाए और आज कर दिया गया है। नई पीढ़ी के लोग इसको देखेंगे, यहां घूमेंगे। इस पार्क में ठीक ढंग से वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके बगल के एरिया को भी ठीक ढंग से विकसित किया जाएगा। सघन वृक्षारोपण और वाटर बॉडी विकसित किया जायेगा ताकि लोग यहां छठ भी कर सकें। यह क्षेत्र देखने में काफी सुंदर लगेगा। इस मौके पर अधिकारी उपस्थित थे।

### कोल इंडिया के ढाई लाख कर्मचारियों के लिए जल्द होगा वेतन समझौता

**रांची।** कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन का कहना है कि कंपनी के करीब ढाई लाख कर्मचारियों के लिए जल्द वेतन समझौता होगा। समझौते की बातचीत सही दिशा में है। अब तक छह बैठकें हो चुकी हैं। अगली बैठक जल्द बुलायी जायेगी। वेतन समझौते में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज (डीपीइ) की गाइड लाइन को लेकर कोई बाधा नहीं है। कंपनी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच वेतन विसंगति के मामले से डीपीइ को अवगत करा दिया है। उनसे दिशा-निर्देश भी मांगा गया है। रंजन ने कहा कि अभी कोल इंडिया में करीब 65 फीसदी उत्पादन आउटसोर्स से हो रहा है। कंपनी चाहती है कि विभागीय उत्पादन ज्यादा से ज्यादा बढ़े। इसके लिए कंपनी में कार्यरत कंपनियों को स्किल करने की जरूरत है।

### हंसराज के भक्ति गीतों पर झूमे बक्सरवासी



माता अहिल्याधाम अहिरौली बक्सर में चल रहे सनातन संस्कृति समागम में शुक्रवार को गायक हंसराज रघुवंशी ने कई भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान उन्होंने मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी भोलेनाथ रे, लागी मेरे तेरे संग लगी ओ मेरे शंकरा समेत कई गाने गाकर लोगों को खूब झुमाया।

# आरा में जदयू नेता के भाई और भतीजे को मारी गोली, एक की मौत, दूसरा गंभीर

### पिता-पुत्र को गोली मारे जाने से आक्रोश, सदर अस्पताल में हंगामा व तोड़फोड़

**केटी न्यूज/आरा**

आरा के टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला में शनिवार की शाम पिता-पुत्र को गोली मार दी गयी। इसमें बेटे आकाश पटेल की मौत हो गयी, जबकि पिता अमरजीत पटेल गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका इलाज बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। दो रोज पूर्व के झगड़े के विवाद में दरवाजे पर चढ़कर पिता-पुत्र को गोली मारी गयी है। इससे पहले मारपीट और घर में तोड़फोड़ भी की गयी। मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। आकाश पटेल शिवगंज स्थित मॉल में काम करता था। उसके पिता अमरजीत पटेल जदयू जिला उपाध्यक्ष भीम पटेल के भाई हैं। उनका आटा मिल भी है। इधर, घटना के बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। नगर थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। तोड़फोड़ भी की। अस्पताल पहुंचे पुलिस अफसरों को भी कोपभाजन का शिकार होना पड़ा।

**दो दिन पूर्व दोनों पक्षों के बीच हुआ था झगड़ा :** घटना के संबंध में भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि दो दिन पूर्व दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। उस मामले को लेकर एक पक्ष द्वारा टाउन थाना, जबकि दूसरे पक्ष द्वारा एससी-एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ने तहकीकात भी की थी। उसी विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के पिता-पुत्र को गोली मार दी। घटना में शामिल लोगों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### कोरोना की तर्ज पर घर-घर की जाएगी स्क्रीनिंग,बेहतर सर्विलांस की आवश्यकता

# डेंगू की रोकथाम के लिए यूपी के हर जिले में बनेगा डेडिकेटेड अस्पताल: योगी

**एजेंसी/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामलों के बीच शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हाई लेवल मीटिंग हुई। इस दौरान सीएम योगी ने आदेश दिया है कि डेंगू की रोकथाम के लिए हर जिले मे डेडिकेटेड अस्पताल तय होंगे। वहीं घर-घर स्क्रीनिंग की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ सप्ताह के बीच डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सीएम ने बैठक में कहा कि इनकी बेहतर स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है। बैठक में फैसला किया गया कि स्क्रीनिंग के लिए आशा बहनों का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा सीएम ने आदेश दिया कि लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कराते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए। डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल एक्टिव किये जाएं। कम से कम हर जिले में एक ऐसा डेडिकेटेड अस्पताल जरूर शुरू हो जहां यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता हो, जांच की सुविधा हो, उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसे आइसीसीसी से भी जोड़ा जाना चाहिए।

इसके अलावा सीएम ने कहा है कि सभी मंत्री जनता के बीच रहें और सुनिश्चित करें कि हर जरूरतमंद मरीज को अस्पताल में बेड मिले। उसकी जांच हो और समय पर इलाज मिले। सीएम योगी ने कहा कि हमारे सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व अन्य उच्च स्तरीय संस्थान साधन संपन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा अथवा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों से मरीजों के तीमारदारों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार बनाने की अपेक्षा है। स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में लोगों को सही जानकारी दी जाए। अखबारों में जागरूकता परक विज्ञापन, दीवार पेंटिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि के माध्यम से इस बीमारी के कारण प्रभाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।

### 2000 से अधिक बच्चों को लैपटॉप देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उप्र की योगी सरकार ने दो हजार से ज्यादा बच्चों लैपटॉप देने के लिए धनराशि जारी कर दी है। दरअसल मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कोविड महामारी के दौरान अपने माता-पिता (या अभिभावकों) को खोने वाले 13,371 बच्चों के लिए पहली छमाही किस्त जारी की है। इस योजना के तहत निराश्रित बच्चों को उनके भरण-पोषण के लिए प्रति माह 4,000 रुपये तक की राशि दी जाती है। सरकारी आदेश के अनुसार राज्य ने पहले शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए दो त्रैमासिक किस्तें-प्रति बच्चा 2,500 रुपये प्रति माह-जारी की थीं। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चे-जिनके माता-पिता या अभिभावक की मृत्यु 1 मार्च, 2020 के बाद- कोविड-19 के अलावा किसी अन्य कारण से हुई हो, को भी योजना के तहत धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, 2,217 छात्रों को लैपटॉप प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन को धनराशि भी जारी की गई है। इसके अलावा, राज्य ने पांच महिलाओं के लिए विवाह अनुदान भी जारी किया है। 18 से 23 वर्ष की आयु के किशोर जो कोविड या अन्य कारणों से अपने माता-पिता या अभिभावक को खो चुके हैं और उच्च शिक्षा (बारहवीं कक्षा पूरी करने के बाद) कर रहे हैं, उन्हें भी वित्तीय सहायता दी जाती है।

## एक नजर

### सड़क को तरस रहे अमीरपुर पूर्वी टोला के ग्रामीण

**नावानगर।** प्रखंड मुख्यालय से सटे अमीरपुर पूर्वी टोला के लोग एक अदद सड़क के लिए तरस रहे हैं। गांव के लोगों ने सरकार एवं प्रशासन से पक्की सड़क निर्माण का मांग किया है। सड़क के अभाव में इस गांव के लोग पगडंडी के सहारे आवागमन करने के लिए विवश हैं। जबकि टोला से महज दो किमी दूरी पर डुमरांव-बिक्रमगंज हाई-वे गुजर रही है। इधर हाई-वे से टोला तक पक्की सड़क की मांग को लेकर लोग हमेशा आवाज बुलंद करते रहते हैं। चार दिन पहले भी टोला के लोगों ने सरकार एवं जिला प्रशासन से पक्की सड़क की मांग किया है। ग्रामीण चंदन सिंह, विक्की सिंह, बंटी यादव, अनिल यादव ने बताया कि पक्की सड़क नहीं होने से बीमार लोगों को खाट के सहारे सीएचसी इलाज के लिए ले जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनके गांव तक पक्की सड़क निर्माण की दिशा में जल्द पहल नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे।

### घरेलू विवाद से तंग आकर महिला ने की खुदकुशी

**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र के तकिया रेलवे ओवर ब्रिज के पास शनिवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। बताते हैं कि महिला ने खुदकुशी की है। मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कुराइच मुहल्ले के राजू सिंह की पत्नी विनिता 34 साल के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम घरेलू विवाद में के बाद राजू सिंह पत्नी विनिता घर छोड़ कर निकल गई थी। बताते हैं कि उक्त महिला ने देर रात तकिया रेलवे ब्रिज के पास आत्महत्या कर ली थी।

### महिला को गोली मार फरार अपराधी रोहतास से गिरफ्तार

**सासाराम।** रोहतास और औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में महिला को गोली मार फरार हुए अपराधकर्मी को तिलौथू से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने शनिवार को बताया कि गत 9 नवंबर को औरंगाबाद में अपराधियों ने एक महिला को ऑटो से उतारकर एक महिला को गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले में औरंगाबाद नगर थाने में प्राथमिकी दर्त की गई थी। अनुसंधान के क्रम में औरंगाबाद पुलिस को जानकारी मिली कि उक्त मामले में शामिल एक अपराधकर्मी रोहतास के तिलौथू में आकर छीपा है।

# जमेशदपुर सीआरपीएफ कैंप से चुराये गये दोनों इंसास राइफल भोजपुर से बरामद

- पुलिस ने इंसास ले भागने में इस्तेमाल हुई कार की जब्त, चालक फरार
- नारायणपुर के सितुहारी गांव स्थित सस्पेंड फौजी के घर के पास से मिले हथियार
- कैंप से इंसास राइफल लेकर भागने वाले रिटायर फौजी की तलाश



बरामद इंसास के साथ भोजपुर एसपी व अन्य

**केटी न्यूज/आरा**

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के जमेशदपुर के आदित्यपुर सीआरपीएफ कैंप से चोरी गयी दोनों इंसास रायफल भोजपुर से बरामद कर ली गयी। इंसास लेकर भागने में इस्तेमाल कार भी जब्त की गयी है। हालांकि राइफल लेकर भागने वाला फौजी और कार के चालक अभी तक पकड़ में नहीं आ सका। आरोपित फौजी नारायणपुर थाना क्षेत्र के सितुहारी गांव का रहने वाला सिद्धेश्वर राय का पुत्र रोहित कुमार उर्फ सहदेव है। कार का चालक भी उसी गांव का निवासी परमल यादव है। इंसास राइफल की बरामदगी फौजी के घर के पीछे से की गयी है। दोनों राइफल झाड़ीनुमा जगह पर बालू में छुपा कर रखी गयी थी। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सितुहारी गांव निवासी फौजी चार रोज पहले चाइबासा आदित्यपुर सीआरपीएफ कैंप से दो इंसास रायफल लेकर भाग गया था।

झारखंड पुलिस की सूचना पर राइफल की बरामदगी और आरोपित गिरफ्तारी को ले पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा दो दिन पहले सितुहारी गांव से कार बरामद की गयी। शुक्रवार की रात सूचना मिली कि इंसास फौजी के घर के पीछे छुपा कर रखी गयी है। उस आधार पर टीम द्वारा छापेमारी कर राइफल बरामद कर ली गयी। एसपी ने बताया कि फौजी और चालक की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। टीम में अगिआंव सर्किल इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार, नारायणपुर थानाध्यक्ष नीता कुमारी और दारोगा रामयश आर्य शामिल थे।

### सीसीटीवी फुटेज में फौजी रोहित कुमार उर्फ सहदेव को राइफल लेकर भागते देखा गया था

एसपी के अनुसार चाइबासा के आदित्यपुर सीआरपीएफ (157 फौजी बटालियन) कैंप के कोत (आर्म्स गार्ड) का शीशा तोड़ दो इंसास राइफल क ी की चोरी की गयी थी। उसे लेकर सितुहारी गांव निवासी फौजी रोहित कुमार उर्फ सहदेव के खिलाफ नौ नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सीसीटीवी फुटेज में फौजी को राइफल लेकर भागते देखा गया था। तकनीकी जांच के आधार पर झारखंड पुलिस को फौजी के इंसास लेकर बिहार की ओर भागने की सूचना मिली थी। उसके आधार पर झारखंड पुलिस की ओर से सूचना दी गयी थी। उसकी खोज में झारखंड पुलिस की एक टीम भी आरा पहुंची थी। उसके बाद पीरो एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। आखिरकार पुलिस को इसमें सफलता मिल गई। टीम ने दोनों इंसास राइफल को बरामद कर लिया।

### अपराधियों के हाथ में जाने से बच गया रायफल, चोरी होने से पुलिस की हो गई थी नींद हराम

इंसास रायफल की चोरी और भोजपुर में छुपाकर रखे जाने की सूचना से पुलिस की नींद हराम हो गयी थी। इंसास जैसे आधुनिक हथियार के गलत व अपराधियों के हाथ में जाने की आशंका से पुलिस परेशान थी। इसे लेकर पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही थी। ऐसे में राइफल की बरामदगी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। बताते चलें कि भोजपुर में फिलहाल बालू माफियाओं सक्रिय हैं। बालू घाट और इलाके में वर्चस्व को लेकर माफियाओं में आधुनिक हथियार रखने की होड़ भी है। ऐसे में बालू माफियाओं बड़ी कीमत पर भी इंसास हथिया सकते थे। पुलिस इस बात से काफी परेशान थी। सूत्रों के अनुसार फौजी के कुछ करीबी भी बालू के धंधे में जुटे हैं। ऐसे में पुलिस राइफल बरामदगी से काफी गदगद है।

# दु:साहस : दरवाजे पर चढ़कर की पहले मारपीट, फिर पिता-पुत्र को मार दी गोली

## बेटे की गयी जान, पिता की हालत गंभीर, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

- परिजनों का आरोप: पुलिस की मिलीभगत से घटना को दिया गया अंजाम
- सरेशाम गोली मारने के बाद आराम से हथियार लहराते भाग निकले बदमाश

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला में शनिवार की सरेशाम पिता-पुत्र को गोली मारे जाने की घटना से शहर में सनसनी मच गयी। इसमें बेटे की मौत हो गयी जबकि पिता जख्मी हो गए।

सरेशाम दस से पंद्रह की संख्या में लोग पहुंचते हैं। पहले मारपीट और तोड़फोड़ करते हैं। उसके बाद पिता पुत्र को गोली मार आराम से भाग जाते हैं। ऐसे में गोलीबारी और हत्या की इस घटना से टाउन थाना की पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना था कि आखिर पुलिस घटना के समय कहां थी मृत आकाश पटेल की बहन रिया कुमारी का कहना है कि दो दिन पूर्व उसके चचेरे भाई से मोहल्ले के ही कुछ लड़कों से झगड़ा हुआ था। सोमवार की शाम उसके पिता अपने घर में ही स्थित आटा चक्की के मिल में आटा पीस रहे थे। तभी दस से पंद्रह की संख्या में हथियारबंद अभी वहां आ धमके। उस दौरान पहले उसके पिता के साथ जमकर मारपीट और तोड़फोड़ की। उसके बाद उसके पिता को गोली मार दी गयी।

**छावनी में तब्दील रहा सदर अस्पताल :** वहीं पिता-पुत्र को गोली मारे जाने और बेटे की मौत होने की सूचना पर एसपी संजय कुमार सिंह, एएसपी हिमांशु, मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार, टाउन थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह और मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे।

इससे सदर अस्पताल छावनी में तब्दील रहा। इधर, जख्मी का इलाज कर रहे डॉ. विकास सिंह ने बताया कि गोली उनके दाहिने साइड गाल में लगी थी। वह जबड़ा, कनपटी और ललाट छेदते आरपार हो गई थी। उसके कारण जबड़ा, कनपटी और ललाट डायमंड हो गया था। गोली लगने से खून भी काफी बह गया था। सभी डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है।



अस्पताल में आक्रोशित महिलाएं

### पिता को गोली मारने की सूचना पर पहुंचे आकाश को भी ठोका, अस्पताल में मौत

रिया कुमारी ने बताया कि घटना के समय उसका भाई आकाश मॉल में था। मारपीट और पिता को गोली मारे जाने की सूचना पर वह घर पहुंचा। तब हमलावरों द्वारा उसका भाई को भी गोली मार दी। उसके बाद हथियार लहराते हुए सभी अपराधी फरार हो गए। गोली लगने से बाद दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां आकाश पटेल को मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पिता अमरजीत भाई पटेल को इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि आकाश पटेल अपने दो भाई और दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां छोटीमुनी देवी, बहन रिया, जिया और भाई अमन है। वहीं घटना के बाद उसके के घर में हाहाकार मच गया है। मां छोटीमुनी देवी और दोनों बहनों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



जानकारी लेते एएससी

### स्थानीय लोग बोले... समय पर हो गयी होती कार्रवाई, तो बच जाती आकाश की जान

पिता-पुत्र को गोली मारे जाने की घटना से परिजनों सहित स्थानीय लोगों पुलिस के प्रति काफी गुस्सा था। परिजनों ने तो पुलिस पर आरोपितों के साथ मिलीभगत से घटना को अंजाम दिये जाने का आरोप लगा रहे थे। इसे लेकर सदर अस्पताल खूब हंगामा मचाया गया। परिजनों का कहना था कि दो रोज पूर्व मारपीट हुई थी। उसे लेकर नगर थाना में आवेदन भी दिया गया था। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी कर ली गयी होती, तो शायद आकाश की जान बच गयी होती। इस मामले में एसपी बताया कि अभी परिजनों की ओर से पूरी जानकारी नहीं दी गयी है। उनके अनुसार परिजनों का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज करने के लिए उनलोगों द्वारा दो दिन पहले दिया था। उन्हीं में से कुछ लोगों द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

# आपराधिक वारदात वाले स्थान को चिह्नित कर विशेष निगरानी करें : डीएम

**केटी न्यूज/आरा**



जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक वारदात से डीएम राज कुमार खासे नाराज दिख रहे हैं। इसे देखते हुए उन्होंने अपराध पर रोक लगाने को लेकर ठोस प्लान तैयार किया गया है। इसे लेकर डीएम की ओर से सभी एसडीपीओ और एसडीपीओ को आदेश जारी किया गया है। उसमें पुलिस अफसरों को टास्क और निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन व बस पड़ाव सभी चौक-चौराहे पर चेक पोस्ट लगा जांच की जाये। स्थान और समय बदल कर नियमित जांच होनी चाहिए। डीएम की ओर से कहा गया है कि अपराध नियंत्रण को लेकर हर स्तर पर सूचना संग्रह और कार्रवाई की जाये। पूर्व से आपराधिक घटनाओं के जगह को चिह्नित करने और विशेष निगरानी रखने का आदेश दिया गया है। वहीं, अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भेजने, अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करने और सभी साइबर कैफे का औचक जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रह कर अपराध पर रोकथाम का सख्त निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि अपराध रोकने में शिथिलता बरतने की शिकायत मिलने पर संबंधित थानाध्यक्षों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। सभी एसडीओ और एसडीपीओ को प्रतिदिन इस संबंध में रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 2.21 करोड़ का सेटलमेंट

**सासाराम।** व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां 13 बेंचों सुलहनीय वादों का निपटारा किया गया, तथा बैंकों का लोन का सेटलमेंट किया गया। इस दौरान कुल 2.21 करोड़ से अधिक की राशि का सेटलमेंट किया गया, जबकि 881 सुलहनीय वादों का भी निपटारा किया गया। मौके पर जिला जज अरूण कुमार श्रीवास्तव, एडीजे प्रथम मनोज कुमार, एडीजे तीन राजेश कुमार बच्चन व अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न वाद से जुड़े 1867 मामलों का निपटारा

- जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के तत्वावधान में लगी लोक अदालत

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में आज शनिवार 12 नवंबर को वर्ष 2022 की चतुर्थ व अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंजनी कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार तिवारी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बबन ओझा, सचिव बिंदेश्वरी पांडे, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक, जैलेंद्र कुमार वर्मा, व्यवहार न्यायालय, बक्सर, और उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बक्सर अंजनी कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, -सह- सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर धर्मेंद्र कुमार तिवारी, जिला बार एसोसिएशन, बक्सर के अध्यक्ष बबन ओझा, सचिव, बिंदेश्वरी पांडे, पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम जैनेंद्र कुमार वर्मा ने मंच का संचालन किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में लोक अदालत में विभिन्न वाद के 1867 मामले का निपटारा कराया गया। जिसमें बैंक के 1559 व भारत संचार निगम लिमिटेड के दो, खनन विभाग के तीन, ग्राम कचहरी के एक, आपराधिक 154 वाद, चेक बाउंस के तीन, मोटर वाहन अधिनियम के चार,विद्युत वाद के 83 मामले का निपटारा कराया गया। जिले के विभिन्न बैंकों ने 1559 मामलों में हुए निष्पादन में इस दौरान 4,84,57,318 रुपए की रिकवरी की गई। मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मनोज सिंह, बिजेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, अवर न्यायाधीश, संतोष कुमार, सीमा कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट, राजेश कुमार सिंह, सुश्री गजला साहिबा, संजय कुमार सरोज, प्रीति आनंद, सुधा रानी, प्रियंका कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, कमलेश सिंह देवु आदि पैनल अधिवक्ता, आशुतोष कुमार ओझा, बृजेश कुमार त्रिपाठी, आरती राय, कंचन कुमारी, जितेंद्र कुमार सिन्हा, रानी तिवारी, प्रमोद मिश्रा, महेंद्र कुमार सिंह, बासुकी नाथ पाठक, शमशाद खान, चंद्रकला वर्मा, सुरेश प्रसाद, अखिलेश्वर दुबे, कार्यालय कर्मी सुधीर कुमार, दीपेश कुमार, सुन्दरम, मनोज, अकबर, सुनील, सुमित, हरेराम, कवींद्र पाठक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मंच संचालन कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि इस अवसर को हम लोग एक राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाते हैं। जिसमें वाद के दोनों पक्षकार स्थानीय न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में अपने-अपने वादों को लेकर दौड़ते रहते हैं और उनके मुकदमे का निपटारा नहीं होता। यदि अपने मुकदमों का निपटारा करवाना चाहते हैं तो सीधे लोक अदालत में आएं और एक ही दिन में अपने वादों का निपटारा सुलह के आधार पर करवाएं।

## छोटी खबरें

### 50 मॉडल विद्यालयों के लिए इंडेक्स तैयार कर होगी रैंकिंग, ताकि चिन्हित किए जा सके स्कूल



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक संबंधित पदाधिकारियों के साथ करते हुए कई आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण, समान एवं समावेशी शिक्षा एवं उसके सकारात्मक प्रतिफल पर विशेष ध्यान देने हेतु समय-समय पर विद्यार्थियों का टेस्ट के माध्यम से मूल्यांकन कर कमजोर छात्र /छात्राओं को चिन्हित करते हुए उनके लिए पठन-पाठन की आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता पर आधारित विभिन्न मापदंडों विशेषकर लर्निंग आउटकम जैसे अवयवों को चयनित करते हुए प्रखंडवार 50 मॉडल विद्यालयों के लिए इंडेक्स तैयार कर रैंकिंग करना सुनिश्चित करें ताकि तुलनात्मक विश्लेषण के उपरांत सबसे बेहतर एवं सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जा सके। अंतर्जिला तुलनात्मक मूल्यांकन करने का भी निर्देश दिया गया। इस कार्य के अनुश्रवण हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में वरीय उप समाहर्ता सुश्री निकिता को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश देते हुए नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। सभी विद्यालयों में मानक के अनुसार छात्र/शिक्षक के युक्तिसंगत अनुपात को सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

### धनुपरा हत्याकांड मामले में पूर्व पार्षद के ठेकेदार पुत्र की हत्या की प्राथमिकी दर्ज, धरपकड़ तेज

**आरा।** जिला मुख्यालय के हरिजी हाता में रहने वाले कनकपुरी निवासी पूर्व पार्षद के पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ विक्की की हत्या में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। पूर्व पार्षद महेंद्र प्रताप सिंह के बयान पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस किया गया है। जमीन व हिस्सेदारी के विवाद में षड़यंत्र के तहत हत्या किये जाने की आशंका जतायी गई है। रिश्तेदार सहित दो लोगों पर षड़यंत्र रचने का आरोप लगाया गया है। कहां गया है कि उनकी गीधा में हाइवे से सात बीघा जमीन है। उस पर पूर्व में राइस मिल था? उस जमीन के कुछ हिस्से पर उनके पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ विक्की द्वारा लोन लिया गया था। इस बीच धरहरा के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा उस जमीन की नीलामी के जरिए कब्जा करने के लिए बाउंड्री किया जा रहा था। उसे लेकर कुछ दिन पहले विक्की की उस व्यक्ति से विवाद हुआ था। इसके अलावे बक्सर के रहने वाले एक रिश्तेदार की ओर से उस जमीन पर कांटी फैक्ट्री खोलने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन हिस्सेदारी को लेकर बात नहीं बन सकी। इधर, एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस हत्या की तफ्तीश में जुट गयी है। हत्याकांड में शामिल बदमाशों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस के जरिए पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में जुटी है। बता दें कि शुक्रवार की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे धनुपरा के समीप बाइक सवार अपराधियों ने पूर्व पार्षद के पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसे सात गोलियां मारी गयी थी।

### रेलवे ओवर ब्रिज के पास महिला का शव बरामद

**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र के तकिया रेलवे ओवर ब्रिज के पास शनिवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। बताते हैं कि महिला ने खुदकुशी की है। मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कुराइच मुहल्ले के राजू सिंह की पत्नी विनिता 34 साल के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम घरेलू विवाद में के बाद राजू सिंह पत्नी विनिता घर छोड़ कर निकल गई थी। बताते हैं कि उक्त महिला ने देर रात तकिया रेलवे ब्रिज के पास आत्महत्या कर ली थी। लोगों ने इसकी सूचना नगर थाने को दी थी। नगर थाने की पुलिस ने शव की पहचान करने के बाद परिजनों को सूचना दी। इसके बाद शनिवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। नगर थाना के अधिकारी ने बताया कि उरांव ने बताया कि घ्रेलू विवाद के बाद घर से निकल गई थी, और आवरब्रिज के पास आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम कराने आए परिजनों ने कहा कि मुतका की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। जबकि कुछ लोग मृतका के पति के नशेड़ी होने की बात भी कह रहे हैं। कहते हैं कि घर में प्राय लड़ाई-झगड़ा से त्रस्त होकर महिला ने आत्महत्या की है।

### सुअरों के हमले से पिता व पुत्र समेत पांच लोग घायल

**आरा।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत सोनघट्टा गांव में जंगली सुअरों का आतंक जारी है। जंगली सुअरों के कारण डर से किसान और मजदूर खेत में काम करने से काफी डर रहे है। इसी शुक्रवार को भी जंगली सुअरों ने आतंक मचा दिया। इस दौरान जंगली सूअरों ने खेत में काम करने गए पिताझ्रपुत्र समेत पांच लोगों को हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। इस दौरान सुअर इतना खूंखार हो गया था की उसने एक युवा किसान को अपने जबड़े में उसके सर को दबाए रखा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत सोनघट्टा गांव निवासी 60 वर्षीय सोहराई राय, उनका 17 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार,उसी गांव के निवासी 45 वर्षीय दुखेली महतो और 20 वर्षीय उनका पुत्र प्रभोष कुमार समेत पांच लोग शामिल है।

## फटाफट खबरें

### बिजली चोरी के खिलाफ सघन अभियान



**डुमरांव।** बिजली कंपनी की टीम ने बिजली चोरी रोकने के लिए मुरार व डुमरांव थाना क्षेत्र में सघन अभियान चलाया है। इस दौरान मुरार में नौ तथा डुमरांव में दो समेत कुल 11 लोगों को बिजली चोरी के आरोप में चिन्हित किया गया है। मुरार में चौगाई जेई शैलेश कुमार ने जबकि डुमरांव में टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर ने चिह्नित लोगों के खिलाफ बिद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कराते हुए जुमार्ना भी लगाया है। चिह्नित लोगों में कुछ पर मीटर बायपास करने का जबकि कुछ पर टोका फंसा बिजली चोरी का आरोप है। कंपनी की इस कार्रवाई के बाद चोरी से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मच गया है।

### 45 पीस फ्रूटी पैक के साथ दो गिरफ्तार

**सिमरी।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के खरहाटांड़ गांव के पास से दो 45 पीस फ्रुटी पैक शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो बाइक भी जब्त किया है। गिरफ्तार किए गए कारोबारियों में चक्की लक्ष्मण डेरा का सोनू यादव व परमानपुर का सुभाष यादव शामिल है। पुलिस ने दोनों की बाइकें भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गश्ती अभियान के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस सक्रिय है।

### भव्य बन रहा है सिकरौल थाना परिसर

**नावानगर।** सिकरौल थाना परिसर को मुखिया मनोज कुमार द्वारा दस लाख रुपए की लागत खर्च से चकाचौध किया जा रहा है। पूरे थाना परिसर को पीसीसी किया जा गया है। मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि पूर्व में थाना परिसर की पीसीसी करने के लिए योजना ली गई थी। जिसे बीडीओ मनोज कुमार ने 15 वें वित्त योजना से जोड़कर थाना परिसर को पीसीसी कार्य कराने की स्वीकृति दिए थे। इधर सिकरौल थाना की पीसीसी कार्य पूरा होने के बाद वेपर लाईट जल्द लगवाने की बात मुखिया ने कही है। जिससे की सिकरौल थाना चकाचौंध हो सके। मुखिया की इस पहल के बाद पुलिसकर्मियों की खुशी बढ़ गई है।

# किसान भाइयों ध्यान दें... फसल अवशेषों को जलाएं नहीं, बनाएं उसे आमदनी का जरिया

- वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में आयोजित हुआ पराली प्रबंधन पर कार्यशाला
- कृषि वैज्ञानिक बोले ताप विद्युत केन्द्रों में कोयला की जगह फसल के अवशेषों का करें उपयोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**



वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव में एक कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को फसल अवशेषों (पराली) को जलाने की बजाए उससे आर्थिक लाभ कमाने के लिए प्रेरित किया गया। यह प्रशिक्षण जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अंतर्गत कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में फसल अवशेष (बायोमास) पैलेट्स के उपयोग विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए किया गया था। जिसका उद्घाटन बिहार कृषि विश्वविद्यालय सब्बौर भागलपुर के कुलपति अरुण कुमार, सुदीप नाग मिशन निदेशक विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के एसके श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान पूर्वी क्षेत्र के निदेशक डॉ आर एन सिंह निदेशक प्रसार शिक्षा बिहार कृषि विश्वविद्यालय सब्बौर, डॉ फिजा अहमद सह निदेशक शोध बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, डॉ राजेश कुमार अधिष्ठाता कृषि, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सब्बौर तथा कृषि कॉलेज के प्राचार्य डॉ रियाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर किया गया। मौके पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय सब्बौर के वीसी डा अरूण कुमार ने नवनिर्मित बीज भंडार भवन का उद्घाटन किया।

**पराली को जैव ईंधन के रूप में भी किया जाता है परिवर्तित :** प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों को बताया कि गया कि फसलों के अवशेष से कैसे आर्थिक लाभ कमाया जा सकता है। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि पराली (बेल्स) को बायोमास प्रसंस्करण केन्द्र में सघन प्रक्रिया के बाद जैव ईंधन के रूप में परिवर्तित किया जाता है। जिसका उपयोग ताप विद्युत घरों में कोयले की जगह होता है। इससे कोयले की खपत भी घटती है तथा प्रदूषण की समस्या भी कम हो जाती है। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्यों में यदि किसान इस तरीके से फसलों के अवशेष को ताप विद्युत घरों के लिए रा मेटेरियल के रूप में तैयार कराना सीख जाएं तो इससे उन्हें बड़ा मुनाफा तो होगा ही बल्कि ताप विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

**अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा साकारात्मक प्रभाव :** कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी की उर्वरता शक्ति नष्ट हो जाती है। इससे मिट्टी में मौजूद नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। जिसका असर उत्पादन क्षमता पर पड़ता है तथा धीरे धीरे जमीन बंजर भी हो सकती है। जबकि फसल अवशेष प्रबंधन से बायोमास की कटाई, प्रसंस्करण और परिवहन से जुड़े लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। जिसका अर्थव्यवस्था पर साकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पराली इकट्ठा करने से परिवहन संग्रह बिंदु, बायोमास तथा प्रसंस्करण केंद्र के कई लोगों को रोजगार मिलता है।

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि विद्युत संयंत्रों में बायोमास के उपयोग पर एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह मिशन देश में उर्जा उत्पादन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका रानी ने किया। मौके पर डॉ आनंद कुमार जैन, डा मणि भूषण ठाकुर, डॉ सुदय प्रसाद, डॉ बिनोद कुमार सिंह, समेत कई अन्य कॉलेज कर्मी व वैज्ञानिकों के अलावे बक्सर, भोजपुर, रोहतास, पटना, जहानाबाद, गया, अरवल तथा औरंगाबाद से चयनित 150 किसानों ने भाग लिया।

## पहल: शिक्षा विभाग की ओर से जारी किया गया अधिकारिक ई-मेल आईडी

# शिक्षा से जुड़ी किसी प्रकार की शिकायत अब घर बैठे ही दर्ज करा सकेंगे जिले के शिक्षक

- अब शिक्षकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति

**केटी न्यूज/ बक्सर**



स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ

जिले का शिक्षा विभाग अब हाईटेक होने लगा है। इससे सरकार के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को मजबूती मिलने के साथ ही शिक्षकों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में डीपीओ स्थापना तारिक अशरफ ने शिक्षकों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने के लिए तथा शिक्षकों की समस्याओं को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए विभाग का अधिकारिक ई-मेल आईडी जारी किया। इस पर शिक्षक अपनी समस्याओं को मेल कर समाधान करा सकते हैं। अब शिक्षकों को अपनी शिकायतों के निपटारे के लिए न तो कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ेगा और न ही किसी बिचौलिए के शोषण का शिकार होना पड़ेगा।

बल्कि वे अपनी शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करा स्कूलों में आराम से पढ़ा सकेंगे। मेल आईडी को सार्वजनिक करने के बाद उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में इंटरफेस बहुत कम हो। जो शिक्षक सुदूर इलाके के हैं उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वह सीधे कार्यालय के मेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारिक मेल पर आने वाली शिकायतों को वे खुद देखेंगे तथा इसका त्वरित निष्पादन का प्रयास करेंगे। इससे जहा शिक्षकों के समय की बचत होगी वही वे पढ़ाने पर ध्यान लगा सकेंगे। जिसका असर स्कूलों में पठन पाठन व्यवस्था पर भी पड़ेगा।

### स्कूलों में पठन-पाठन व्यवस्था भी होती है बाधित

डीपीओ ने बताया कि अबतक ऐसा देखा जा रहा था कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पूरे दिन शिक्षक लोक शिकायत, बीईओ, डीपीओ या डीईओ कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है। सभी कार्यालयों में पूरे दिन शिक्षकों का जमावड़ा लगा रहता है। जिस कारण कार्यालयों के काम काज भी प्रभावित होते है तथा स्कूलों में पठन पाठन व्यवस्था भी बाधित होती थी। इसी को ध्यान में रख यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारिक मेल आईडी के बाद अब कार्यालयों में लिपिकों की मनमानी तथा बिचौलिए संस्कृति पर भी अंकुश लगेगा।

### कार्यों के निष्पादन के लिए समय सीमा भी निर्धारित

डीपीओ ने कहा कि ऐसा भी देखा जा रहा था कि लिपिकों की मनमानी से जिला लोक शिकायत एवं जिला सेवा शिकायत कार्यालय से संबंधित परिवाद का ससमय निष्पादन नहीं हो पा रहा था। बल्कि तारीख पर तारीख पड़ती रहती है। जिसमें परिवादी को परेशानी के साथ कार्यालय का भी समय बर्बाद होता है। उन्होंने कहा कि अब विभिन्न स्तरों के कार्यों के निष्पादन के लिए समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है तथा निर्धारित समय में उस कार्य का संपादन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीपीओ के इस निर्णय के बाद शिक्षकों में खुशी व्याप्त है।

# उचक्के ने खोला राज, महिलाओं को निशाना बनाता है झपट्टामार गिरोह

## यूपी और बिहार के कई शहरों में दिया घटना को अंजाम

- गिरोह के फरार दो सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के बैंक शाखाओं से पैसों की निकासी कर घर लौट रहे लोगों को निशाना बनाने में माहिर झपट्टामार गिरोह के बदमाश मोतिहारी के केसरिया थाना स्थित भगवतियां गांव निवासी रमेश सहनी ने पुलिस की पूछताछ के दौरान कई राज उगला है। इस गिरोह के दो अन्य सदस्य सीवान के समहारा गांव निवासी हरेंद्र कुमार और मोतिहारी के भगवतियां गांव निवासी संजय सहनी फरार बताये जाते है, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है। फरार आरोपी हरेंद्र कुमार सीवान का शातिर बदमाश बताया जाता है, जो बरामद कार का चालक है। पुलिस की टीम ने एक कार सहित दो मोबाइल भी बरामद किया है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया शातिर बदमाश ने बताया है कि पैसा निकासी कर बैंक से बाहर निकलने वाली महिलाओं को पहले निशाना बनाते है और पैसे झपट कर अन्य सदस्यों के साथ कार पर सवार होकर दूसरे राज्य में फरार हो जाते थे। इसके पूर्व भी डुमरांव में एक महिला के खाते से 40 हजार की छिनतई की गयी थी। इस गिरोह ने बिहार के मोतिहारी और यूपी के कई जगहों पर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपी के बयान को दर्ज कर इसकी जांच-पड़ताल में जुट गयी है। बता दें कि बुधवार की शाम इस गिरोह द्वारा डुमरांव के चतुरशालगंज निवासी महिला शांति देवी से 45 हजार रुपए झपट लिए थे। लेकिन भागने के दौरान एक उचक्का लोगों के हत्थें चढ़ गया था। हालांकि दो अन्य बदमाश भागने में सफल रहे। पिछले दो माह में बदमाशों ने दो महिलाओं से रुपये की छिनतई की थी। उसी तरह उचक्कों ने एक लाखनडिहरा की नीतू देवी से एक लाख रुपये झपट कर फरार हो गये थे। पुलिस के अनुसार इस गिरोह में कई अन्य शातिर सदस्य शामिल है।

# 14 को हो सकता है बक्सर-पटना फोरलेन का लोकार्पण, तैयारी में जुटा एनएचएआई

- सनातन संस्कृति समागम में शामिल होने आ रहे है केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री
- तीन फेज में हुआ है 125 किलोमीटर लंबे फोरलेन का निर्माण

**केटी न्यूज / बक्सर**



बक्सर-पटना फोरलेन सड़क

125 किलोमीटर लंबी बक्सर पटना फोरलेन सड़क का लोकार्पण 14 नवंबर को केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नीतीन गड़करी के द्वारा किया जा सकता है। इस संभावित लोकापर्ण को देखते हुए एनएचएआई की कवायदें बढ़ गई है। विभागीय सूत्रों की मानें तो लोकपर्ण की तिथियां व रूपरेखा तय कर लिया गया है, बस इसका अधिकारिक घोषणा बाकी रह गया है। सूत्रों का कहना है कि 14 नवंबर को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतीन गड़करी बक्सर के अहिरौली में आयोजित सनातन संस्कृति समागम में शामिल होने आ रहे है। इसी दौरान वे इस फोरलेन सड़क का लोकार्पण करेंगे। जानकारों का कहना है कि इसके लिए दलसागर के पास निमार्णाधीन टोल प्लाजा के समीप उनका हेलीपैड बनाया जाएगा। जबकि बक्सर के एक निजी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वे इस सड़क का लोकार्पण करेंगे। इस सड़क के लोकार्पण की तिथियां नजदीक आने के साथ ही एनएचएआई के साथ ही निर्माण कार्य में लगे कंपनी की कवायदें की भी तेज हो गई है। जानकारों का कहना है कि फोरलेन सड़क को फिनिशिंग टच देने के लिए दिन रात एक कार युद्ध स्तर पर कार्य चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि इस सड़क का निर्माण करीब पन्द्रह सौ पांच करोड़ की संभावित लागत से तीन फेज में किया गया है। प्रथम फेल में कोईलवर से पटना तक 33 किलोमीटर, दूसरे फेज में कोईलवर से शाहपुर तक 44 किलोमीटर तथा तीसरे फेज में शाहपुर से बक्सर तक 48 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण किया गया है।

### जिलास्तरीय अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का सम्मेलन आज, तैयारी पूरी

**डुमरांव।** अनुमंडल मुख्यालय के नगर भवन स्थित कामरेड मो. कलाम सभागार में रविवार को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) का जिलास्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। आयोजकों द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। 9वां जिला सम्मेलन का उद्घाटन महासंघ गोपगुट के राज्याध्यक्ष कामरेड जियालाल प्रसाद करेंगे। महासंघ के जिला सचिव महेंद्र प्रसाद ने एक बयान जारी कर बताया है कि सम्मेलन के प्रतिनिधि सत्र का उद्घाटन महासंघ के राज्य सचिव का. उमेश कुमार सुमन द्वारा किया जायेगा। इस सम्मेलन में डुमरांव विधायक अजित कुमार सिंह, ब्रम्हपुर विधायक शंभूनाथ यादव के अलावे एसडीएम कुमार पंकज, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी सहित अन्य शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि महासंघ के प्रदेशस्तरीय प्रतिनिधि के अलावे अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# मठिला की युवती का दिलदारनगर रेलवे स्टेशन के पास मिला शव, जांच में जुटी जीआरपी टीम

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

## शुक्रवार की दोपहर घर से बक्सर में चल रहे सनातन संस्कृति समागम देखने निकली थी



अनुमंडल के कोरान सराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव की एक युवती का शव यूपी के दिलदारनगर रेलवे स्टेशन के समीप फतेहपुर गांव के पास डाउन ट्रैक पर मिला है। शनिवार को सुबह शव की सूचना पर पहुंची स्थानीय जीआरपी ने उसे कब्जे में पहचान का प्रयास किया तो उसकी पहचान बक्सर जिले कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव के बिनोद कुमार की पुत्री श्वेता कुमारी के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार वह शुक्रवार को दोपहर घर से अहिरौली में आयोजित हो रहे सनातन संस्कृति समागम में मेला देखने के लिए निकली थी।

रात में वह अपने परिजनों से फोन पर बात की तथा बताया कि वह गलती से दिलदारनगर चली आई है। उसने वापस आने की बात भी कही। लेकिन शनिवार को सुबह फतेहपुर के पास डाउन ट्रैक से उसका शव बरामद किया। परिजनों को सूचना देने के बाद स्थानीय जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा है। हालांकि वह अहिरौली से कैसे दिलदारनगर चली गई। इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। वह किसके साथ मेला देखने गई थी इसकी भी जानकारी किसी के द्वारा नहीं दी गई। दिलदारनगर जीआरपी के एसएसआई चंद्रशंकर मिश्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। वही इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है।

# प्रेम प्रसंग में डेढ़ माह पहले फरार किशोरी बरामद, प्रेमी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/चौगाई**

मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव से प्रेम प्रसंग में डेढ़ माह पहले फरार हुई किशोरी को स्थानीय पुलिस सासाराम से बरामद कर लिया है। पुलिस ने किशोरी के प्रेमी सह कथित अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि किशोरी का धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी पिछले एक सितंबर को अपने प्रेमी रोहतास जिले संझौली थाना क्षेत्र के बसौरा गांव निवासी बृज बिहारी महतो के पुत्र आनंद कुमार के साथ फरार हो गई थी। किशोरी के पिता ने मुरार थाने में आनंद पर अपनी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण करने का अरोप लगा मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस उसकी पड़ताल कर रही थी। इधर पुलिस को सूचना मिली कि प्रेमी युगल सासाराम में छिपे है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर किशोरी को बरामद करने के साथ ही उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# बक्सर को मिला 333 मैट्रिक टन यूरिया, किसानों की चिंता हुई दूर

- रबी फसलों की बुआई के पिक आवर के पहले आवंटन मिलने से किसान खुश

**केटी न्यूज/बक्सर**



गेहूं की बुवाई से पहले जिले को खाद का पर्याप्त आवंटन प्राप्त हुआ है। इसमें 333 मैट्रिक टन यूरिया 840 मैट्रिक टन डीएपी व 866.25 मैट्रिक टन एनपीकेएस का आवंटन मिला है। खाद का प्राप्त आवंटन की सप्लाई 24 घंटे के अंदर बक्सर रैक पॉइंट पर आने की उम्मीद है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरक की आपूर्ति पारदर्शी एवं सुगमता पूर्वक हो इसके लिए कृषि विभाग सदैव तत्पर है। रबी मौसम में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन द्वारा 333 मेट्रिक टन इफको द्वारा 840 मेट्रिक टन डीएपी व 866.25 मेट्रिक टन एनपीकेएस का आवंटन जिले को प्राप्त हुआ है। 24 घंटे के अंदर जिले में उर्वरकों की आपूर्ति होने की संभावना है।

### तीन छापेमारी दल एवं एक कंट्रोल रूम का गठन किया गया

यूरिया डीएपी तथा एपीकेएस का रैक प्राप्त होते ही फसल आच्छादन के आधार पर उपावंटन कर दिया जाएगा। जीरो बैलेंस नीति के अंतर्गत एमआरपी पर ही किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। जिसको शत-प्रतिशत अनुपालन कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर तीन छापेमारी दल एवं एक कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। पंचायत स्तर पर बीएओ, कृषि समन्वयक, व किसान सलाहकार के माध्यम से उर्वरक को किसानों तक जीरो टॉलरेंस नीति अंतर्गत वितरण कराने के उद्देश्य से टैग किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए भी विभाग विशेष अभियान चलाएगी तथा कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों की अनज्ञप्ति रद्द करने के साथ ही उनपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### निदेर्शों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई

उन्होंने कहा कि उर्वरक बिक्री करने वाले दुकानदारों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने दुकान के बाहर डिस्प्ले बोर्ड लगाकर प्रत्येक दिन उर्वरक के स्टाक तथा एमआरपी को अंकित करेंगे। ताकी किसानों को वस्तुस्थिति का पता चल सके। उन्होंने कहा कि कोई भी विक्रेता संबंधित कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार की उपस्थिति में ही सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक उर्वरक की बिक्री करेंगे। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान निदेर्शों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर, ससमय खाद की आवंटन मिलने से किसानों की खुशी बढ़ गई है।



जीवन न तो अतीत में है और न तो भविष्य में है।

भागवत गीता



## फटाफट खबरें

### घंटों बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**गाजीपुर।** मुगलानीचक रेलवे क्रासिंग के पास 33 हजार लाइन केबिल की सिफ्टिंग का कार्य होने की वजह से 13 नवंबर को घंटों शहर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी प्रकाशनगर उपकेंद्र के अवर अभियंता अविनाश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 33 हजार लाइन केबिल की सिफ्टिंग का कार्य होने के कारण 33/11 केवी टाउन फीडर प्रकाशनगर और 33/11 केवी पीरनगर उपकेंद्र से संबंधि फीडरों की बिजली आपूर्ति 13 नवंबर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि इनरजेंसी आदेश आने पर शट टाउन निरस्त भी किया जा सकता है और समय से कार्य पूरा होने की दशा में कटौती का समय बढ़ भी सकता है।

### महादेवी की स्मृति में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बलिया।** जिला मुख्यालय में महादेवी की स्मृति में नगरांचल महोत्सव मंच की ओर से महादेवी कटरा में शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा। शिविर में प्रयागराज व वाराणसी से आए चिकित्सकों ने 300 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्हें दवाएं दी गईं। शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त सूबचन राम और पूर्व प्रमुख अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से चिकित्सकों का माल्यार्पण कर किया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त सूबचन राम ने कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन से निर्धन मरीजों को अपने यहां बेहतर इलाज की सुविधा मिल जाती है। जिससे मरीज की सामयिक, मानसिक तथा आर्थिक बचत होती है। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे शिविर आयोजित करने की जरूरत है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी तरह का इलाज मिल जाए।

### लोक साहित्य एवं संस्कृति के आयाम पर सेमिनार

**गाजीपुर।** नगर के स्नातकोत्तर महिला पीजी कॉलेज कैंपस में ४लोक साहित्य एवं संस्कृति के आयाम, भारतीय परिप्रेक्ष्य' के नाम४ से अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार एवं लोक कला प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश से आए तमाम साहित्यकार और बुद्धिजीवी शामिल हुए। सेमिनार में दिल्ली से डॉ. नीरजा माधव और डॉ. वैभव सिंह, तुर्की से प्रोफेसर एसटी जस्सल, लीबिया से प्रोफेसर अनिल प्रसाद, मॉरीशस से डॉ. विनोद बाला अरुण, यूएसए से डॉ. माइकल, नेपाल से डॉ. शिवानंद जायसवाल, कोलकाता से डॉ. ऋषि भूषण चौबे, मध्य प्रदेश से जनार्दन सिंह, तमिलनाडु से डॉ. सुरेंद्र नायक, कश्मीर से डॉ. गौरव मणि त्रिपाठी समेत तमाम साहित्यकार और बुद्धिजीवी मौजूद रहे। पूर्व जीवनोदय शिक्षा समिति गाजीपुर के सदस्य एवं समारोह के संयोजक काजी फरीद आलम ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### मंडलायुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

**मऊ।** शनिवार को मंडलायुक्त मनीष चौहान ने शहर स्थित कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कंपोजिट विद्यालय बनियापार, कंपोजिट विद्यालय गालिबपुर और तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज स्थित बूथों का निरीक्षण किया।

# भदौरा स्टेशन का रिजर्वेशन काउंटर सात दिनों से बंद, रेलवे को तीन लाख रु. का नुकसान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

एक हफ्ते से भदौरा रेलवे स्टेशन की आरक्षण खिड़की बंद है। यात्रियों को टिकट नहीं मिल रहा है। लोग भटक रहे हैं। बता दें कि कोरोना का कठिन दौर भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन रेल विभाग की सुविधाएं अब भी बेपटरी हैं। कई रूटों पर न ही सभी ट्रेनों का नियमित संचालन हो रहा है और न ही आरक्षित टिकट आसानी से मिल रहा है। ट्रेनों में यात्रा करने वालों को रोज चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।




बंद पड़ी आरक्षण टिकट की खिड़की

- रेलयात्री परेशान, बगैर रिजर्वेशन कराए हर दिन मायूस होकर लौट रहे घर
- कंप्यूटर में आई तकनीकी खराबी के कारण ठप है आरक्षित टिकट की बुकिंग

यह स्थित पीडीडीयू -दानापुर रेल मार्ग स्थित भदौरा रेलवे स्टेशन पर आरक्षित टिकट खिड़की पर बनी हुई है। देखा जाए तो लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह है कि एक हफ्ते से आरक्षण टिकट खिड़की बंद पड़ी है। यात्रियों को टिकट लेने के लिए अन्य स्टेशनों पर जाने को विवश होना पड़ रहा है। कुछ रेल यात्री उस समय परेशान हो गए जब शनिवार को सुबह दस बजे के बाद भी आरक्षण टिकट काउंटर नहीं खुला है। टिकट काउंटर खुलने का समय सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित है। स्टेशन मास्टर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि आरक्षण टिकट के कंप्यूटर में आई तकनीकी खराबी के कारण कार्य ठप है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय - दानापुर रेलखंड के भदौरा रेलवे स्टेशन के आरक्षण टिकट काउंटर पर मुंबई, सूरत, नासिक, दिल्ली आदि विभिन्न महानगरों को जाने के लिए टिकट लेने वाले रेल यात्रियों की लंबी लाइन लगती थी। आए दिन रेल यात्रियों के द्वारा तकरीबन ?40000 से अधिक की टिकट खरीदारी की जाती है। बीते रविवार से ही आरक्षण टिकट कंप्यूटर में तकनीकी खराबी के कारण स्टेशन से आरक्षित टिकट की बिक्री बंद है। जिससे जहां रेल यात्रियों को परेशानियां हो रही है वही रेलवे को भी भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भदौरा रेलवे स्टेशन के वरिय वाणिज्यिक लिपिक शांति कुमार पांडेय ने बताया कि ने बीते छह नवंबर रविवार को सुबह 8:45 से ही थिंक लेन जल जाने के कारण आरक्षण काउंटर से टिकट की बिक्री बंद पड़ी हुई है। जिसकी जानकारी संबंधित उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। बताया कि रोजाना करीब चालीस हजार रुपए से अधिक की टिकट की बिक्री होती है जिसके सापेक्ष आज सात दिनों में रेलवे को करीब तीन लाख रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है। इस बारे में स्टेशन मास्टर रमेश कुमार ने बताया कि आरक्षण टिकट के कंप्यूटर में आई तकनीकी खराबी के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जल्दी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# दु:खद: शौच के लिए निकले जीजा-साले की हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मौत

## बलिया की घटना... मातम में बदलीं खुशियां, 11000 वोल्ट का तार टूटकर खेत में गिरने से हुआ हादसा

- बेटे के छठिहार में बलिया स्थित खानपुर गांव में अपने ससुराल आया था युवक
- घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम की सड़क
- एक साथ गाजीपुर और बलिया में मौत का मातम

**केटी न्यूज टीम बलिया**

बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। जो रिश्ते में जीजा और साले थे। घटना शनिवार की सुबह की है, जब दोनों गांव से बाहर खेत की तरफ शौच के लिए गए थे। वहां पर 11000 वोल्ट का विद्युत तार टूटकर खेत में गिर गया था। जिसकी जद में आने से दोनों की मौत मौके पर ही हो गई। मामले में बताया जाता है कि खानपुर निवासी संदीप तिवारी (19 वर्षीय) अपने जीजा गाजीपुर जनपद के मरदह थाना क्षेत्र निवासी अजय पांडेय (27 वर्षीय) के साथ सुबह खेत की तरफ टहलने जा रहे थे, इस दौरान टूटकर गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। जिसके बाद यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि अजय पांडेय तीन दिन पहले अपने बेटे के छठिहार में आया था। जीजा और साले की मौत से गाजीपुर एवं बलिया दोनों जिलों में मृतकों के घर पर मातम पसरा हुआ है। ऐसे में परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। उधर, जीजा का शव उनके गांव पहुंचते ही परिजन चीत्कार उठे। अजय पांडेय अपने पुत्र के छठिहार का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस जाने वाले थे। हादसे के बाद पत्नी पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जबकि ससुराल और मायके पक्ष के लोग बिलख रहे हैं।



घटना के बाद सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाते अधिकारी

### दो दिन पहले बेटे की मनाई थी छठियार

बताया जाता है कि मृतक अजय पांडेय ने अपने लड़के का छठियार मनाने के अपने ससुराल खानपुर आया था। दो दिन पहले उसके ससुराल में धूमधाम से छठियार मनाया गया। जिसको लेकर घर के सभी काफी खुश थे। लेकिन, शनिवार की सुबह उनकी खुशियों को जैसे काल की नजर लग गई। जीजा साले शौच के लिए खेतों की ओर गए थे। लेकिन, उनके लौटने की जगह उनकी लाश वापस लौटी। घर में खुशी का माहौल मातम में बदल गया। घटना से एक साथ दो घरों में मातम का माहौल बन गया। एक ओर जहां अजय के ससुराल में उसके साले के मरने का मातम मनाया जा रहा है। वहीं, उसके घर में बेटे के गुजर जाने से लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

### लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीओं ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित लोगों ने सहतवार-हल्दी मार्ग को जाम कर दिया। जिसके कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मामले की सूचना पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तक भी पहुंच गई। जिसके बाद आननस्र-फानन में सीओ बांसडीह राजेश तिवारी तथा सहतवार थाने की पुलिस अधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने लोगों को समझाइश दी। लेकिन, लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। गुस्साए ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। इस बीच नायब तहसीलदार, बांसडीह अंजु यादव ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से संपर्क साधा। जिसके बाद उन्होंने मृतकों के परिजनों को एक पखवाड़ा के अंदर मुआवजा देने और इलाके के जर्जर तारों को ठीक करने को लेकर लिखित पत्र विभागीय अधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा। जिसके बाद उधर से बिजली कंपनी के अधिकारी ने संबंधित पत्र के आलोक में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जब लोगों ने मुआवजे और जर्जर तारों को बदलने का पत्र देखा, तो उसके बाद जाम को समाप्त किया।

## चार सत्रों में संपन्न हुआ भाजपा किसान मोर्चा का प्रशिक्षण वर्ग



**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के भाजपा कार्यालय हनुमानगंज में शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। जिसमें चार सत्रों में कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया।

चारों सत्रों की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न लोगों ने प्रशिक्षण को संबोधित किया। पहले सत्र का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि देवेन्द्र यादव ने भाजपा का इतिहास व विकास पर परिचर्चा करते हुए कहा कि यह भाजपा कार्यकताओं के अथक परिश्रम का ही नतीजा है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रथम सत्र की अध्यक्षता सच्चिदानंद ने की। द्वितीय सत्र और तृतीय सत्र के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पंकज सिंह कौशिक ने किया। पंकज सिंह कौशिक ने संगठन संरक्षण में हमारी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता तेज नारायण मिश्रा और तीसरे सत्र की अध्यक्षता दिलीप सिंह ने की। अन्तिम सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने किया। जिलाध्यक्ष ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और इसमें किसान मोर्चा की भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता संतोष पांडेय ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में जिलाध्यक्ष ने आभार जताया। संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अभिजीत तिवारी बबलू ने किया।

# गैंगस्टर केस में न्यायालय में हाजिर नहीं हुए मुख्तार अंसारी व भीम सिंह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



- वकील ने कोर्ट में हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया
- जज ने अस्वीकार किया बहस के लिए 14 नवंबर की तिथि निर्धारित

जिला सत्र न्यायालय में शुक्रवार को बनी विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट में गाजीपुर सदर कोतवाली में मुख्तार पर दर्ज गैंगस्टर केस की सुनवाई के बाद जज ने कठोर निर्णय लिया। मुख्तार अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विशेष जज रामसुध सिंह ने केस में मुख्तार और सह अभियुक्त भीम सिंह से सफाई का अवसर छीन लिया। अब सरकारी और बचाव पक्ष के वकील से अगली तारीख पर साक्ष्य और गवाहों के आधार पर चली कार्रवाई में बहस की बात कही। आरोपियों के खिलाफ चंद तारीखों तक बहस के बाद जज केस में फैसला देंगे। शुक्रवार को मुख्तार को बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जोड़ा नहीं जा सका, जिसका कारण नेटवर्क नहीं होना बताया गया। उनके सह अपराधी भीम सिंह की शारीरिक रूप से पेशी होने थी, लेकिन वो भी कोर्ट नहीं पहुंचे। जबकि भीम सिंह से पिछली तारीख पर गैरहाजिरी के चलते जज ने नाराजगी जताई थी और एनबीडब्लयू भी जारी कर दिया था। दोनों के वकील ने कोर्ट में हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, लेकिन जज ने अस्वीकार करते हुए सफाई बयानी का मौका निरस्त कर दिया। जज ने कहा कि कायम गैंगस्टर केस में मुख्तार अंसारी की सफाई बयानी के लिए तारीखें लगाई गई। लेकिन वो पेश नहीं होना चाहते। केस में मुख्तार अंसारी अपनी सफाई में जो कहना चाहते थे, अदालत उसे सुनना चाहती है। इसलिए अंतिम अवसर शनिवार को दिया गया था। सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गैंगस्टर केस में मुख्तार पर चार्ज बनाने के लिए दलीलें पेश की। अब बहस के लिए 14 नवंबर की तिथि नियत की है। बहस के दौरान आरोपी मुख्तार अंसारी और भीम सिंह 14 नवंबर को पेश होने का आदेश दिया।

## गाजीपुर के नए एसपी होंगे ओमवीर सिंह चार माह में ही रोहन पी बोत्रे का तबादला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिले के तेज-तर्रार पुलिस कप्तान रोहन पी बोत्रे का महज चार माह आठ दिन में ही जनपद से तबादला हो गया। अब गाजीपुर के नए एसपी ओमवीर सिंह होंगे। शासन ने एक साथ प्रदेश में 10 आईपीएस का स्थानांतरण किया है।

जिसमें गाजीपुर के एसपी रोहन पी बोत्रे को लखनऊ के पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से सम्बद्ध करते हुए उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। वहीं अब गाजीपुर के नए पुलिस अधीक्षक लखनऊ के सतर्कता अधिष्ठान से रहे ओमवीर सिंह होंगे। बता दें कि तीन जुलाई को ही गाजीपुर की कमान रोहन पी बोत्रे को मिली थी। उन्होंने महज चार माह के कार्यकाल में जबरदस्त कार्यशैली का प्रदर्शन किया।

उनके कार्यकाल न सिर्फ अपराध कम हुए, बल्कि अगर हुए भी तो उनका खुलासा किया गया। पुलिस के लिए चुनौती बन चुकी सैदपुर के यूनियन बैंक में चोरी हो या जनपद में कई बार हुई बैंक मित्रों से लूट हो या पुलिस के लिए डेड एन्ड बन चुके कुर्था में महिला की काटकर निर्मम हत्या की घटना हो, सभी का खुलासा किया गया। इसके अलावा कई बड़े व अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करों को भी रोहन पी बोत्रे के कार्यकाल में ही पकड़कर करोड़ों की हेरोइन भी बरामद की गई है। बहुत छोटे से कार्यकाल में रोहन पी बोत्रे लोगों की जुबान पर चढ़ गए थे।

# छात्र संघ चुनाव के लिए प्रशासन से आर-पार की लड़ाई लड़ने की तैयारी

- महापंचायत में छात्र नेताओं ने आंदोलन को उग्र करने का लिया निर्णय
- प्रशासन की सुस्ती को लेकर भड़का छात्रों का गुस्सा

**केटी न्यूज/बलिया**




जिले में छात्र संघ चुनाव की मांगों को लेकर आंदोलन और भी उग्र होने लगा है। इस क्रम में शनिवार को टीडी कॉलेज परिसर में छात्र महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र नेताओं के महापंचायत छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान छात्र नेताओं ने एक स्वर छात्र संघ चुनाव कराने के लिए चल रहे आंदोलन को अब और अधिक उग्र करने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ छात्र नेता रणवीर सिंह सेंगर व जैनेंद्र पांडेय मिंटू जी ने कहा कि अब वक्त आ गया है। छात्र संघ चुनाव के जिला प्रशासन से आर पार की लड़ाई लड़ी जाए। यही नहीं अब करो या मरो का समय आ गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है की छात्र कई दिनों से सड़कों पर आंदोलित है। वहीं दूसरी तरफ टीडी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह प्रिंस व छात्र नेता प्रशांत राय बंटी कहा कि जिला प्रशासन की सुस्ती समझ से परे है। छात्र संघ चुनाव के विषय पर, जबकि सरकार ने छात्र संघ चुनाव पर सदन में भी अपनी मंशा साफ कर दी है कि प्रदेश में कहीं भी छात्र संघ चुनाव पर रोक नहीं हैं।

वहीं आलोक सिंह कुंवर व पूर्व अध्यक्ष रोहित चौबे ने कहा कि यह लोकतंत्र की नर्सरी को उजाड़ने का प्रयास है। हर संघर्ष की कीमत अदा कर हम छात्र संघ का हक लेकर रहेंगे। भारत दुनिया की सबसे स्वस्थ व संविधानिक मूल्यो पर आधारित लोकतांत्रिक गणराज्य है। इसी क्रम मे बलिया जनपद समेत प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में भी छात्र संघ चुनाव कराने हेतु छात्र कई दिनों से आंदोलित है, लेकिन इस प्रदेश की बेलगाम नौकरशाही इन आंदोलनों के प्रति तनिक भी गंभीरता नही दिखा रही। जो की सीधे तौर पर लोकतांत्रिक मूल्यों व जन अधिकारों पर कुठाराघात है। इस मौके पर वरिष्ठ छात्र नेता धनंजय सिंह विशेन, पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत सिंह, पूर्व अध्यक्ष अजय यादव, पूर्व अध्यक्ष नितेश यादव, महामंत्री आशुतोष ओझा, पूर्व महामंत्री प्रशांत पांडेय, महामन्त्री अमित सिंह, विकास गुप्ता विक्की, बृजेश यादव, सूरज यादव, सिन्टू यादव व तमाम सैकड़ों छात्र नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण सिंह ने किया।

## छोटी खबरें

### गंगा में प्रदूषण का बढ़ना मानवता पर संकट



**बलिया।** नेहरू युवा केंद्र बलिया के तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अन्तर्गत गंगा दूतों का दो दिवसीय प्रशिक्षण डॉ. भीम राव अंबेडकर शिक्षण संस्थान उजियार में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन के प्रशिक्षण की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि श्रीकांत जी व नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी शलभ उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित गंगा दूतो को संबोधित करते हुए श्रीकांत जी ने कहा कि नदियों की स्वच्छता की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। यहां तक कि हमारे संविधान के मूल कर्तव्य में भी स्पष्ट बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने पर्यावरण की रक्षा तथा संवर्धन के लिए प्रयास करे। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी शलभ उपाध्याय ने कहा कि गंगा नदी में प्रदूषण का बढ़ना राष्ट्र के साथ मानवता पर एक गम्भीर संकट। जिला प्रशिक्षक नितेश पाठक व कुमार अभिषेक ने उपस्थित गंगा दूतों को विस्तार से प्रशिक्षित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ममता, वंदना, रोशनी, सिपु, दिवाकर, प्रदीप, मनीष, आयुष आकाश, वर्धन पाठक, ओमकार सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संचालन कार्तिक राय ने किया।

### किराना दुकान में हजारों रु. के सामान की चोरी छह दिन में दो वारदात से दहशत में ग्रामीण



**गाजीपुर।** जिले के गहमर थाने में ताड़ीघाट-बारा मुख्य मार्ग पर स्तिथ एक बेकरी व किराने की दुकान में शुक्रवार की रात चोरों ने हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना गहमर कोतवाली के बारा गांव की है। चोर हजारों रुपये नकदी भी लेकर चम्पत हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। बारा गांव निवासी खान ताड़ीघाट-बारा मार्ग पर बस स्टैंड के पास बैकरी एवं किराना की दुकान के साथ ही यूनियन बैंक का सीएससी सेंटर भी चलता चलाते है। रोज की तरह शुक्रवार की रात भी वह दुकान बंद कर घर चले। रात में किसी समय चोर रोशनदान तोड़कर दुकान में दाखिल हो गए और कैश काउंटर में रखा 69 हजार रुपये नकदी लेकर निकल गए। चोरी की जानकारी शनिवार की सुबह उस समय हुई, जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा। पीड़ित ने इसके पूर्व भी उसके दुकान से 40 से 50 हजार रुपये की चोरी हुई थी, जिसका पुलिस पदार्फाश भी नहीं कर सकी थी कि चोरी की दूसरी वारदात हो गई। इस संबंध में कोतवाल पवन उपाध्याय ने बताया की तहरीर मिली है। जल्द ही मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि बीते 5 नवंबर की रात गहमर थाना से 30 मीटर की दूरी पर गांव के ही मनोज चौरसिया के किराने की होलसेल की दुकान से लगभग 27 हजार नकदी सहित चोर हजारों का काजू, किसमिस और बादाम चुरा ले गए थे। पीड़ित ने इस मामले में तहरीर दिया था। सीसीटीवी कैमरा में चोर की तस्वीर भी कैद हुई थी। बावजूद इसके पुलिस अभी तक इस चोरी का खुलासा भी नहीं कर सकी थी कि चोरों ने दूसरी चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को एक बार फिर से चुनौती दे दी।